
P372

“खुद पर यकीन रखो, दुनिया भी तुम्हारे साथ खड़ी हो जाएगी।”

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com | इंदौर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025 | ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 294 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 अब 17 किमी तक स्पीड के साथ मेट्रो ट्रेन का ट्रायल

5 आरसीबी जा सकते हैं सैमसन

6 डिवाइडर बनाने के काम में अनियमितता

### टीम हेमंत की घोषणा से इंदौर भाजपा में नए दौर का होगा आगाज

# रणदिवे, खरे और चावड़ा की एंट्री से शहर की भगवा राजनीति में बनेगा नया शक्ति केन्द्र

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी में इंदौर की धमक एक बार फिर सुनाई दी है। इस बार पार्टी ने इंदौर को अपनी रणनीतिक कमान का केंद्र बना दिया है, जहां से अब तीन बड़े चेहरे प्रदेश की राजनीति में नई दिशा देने वाले हैं। इंदौर के गौरव रणदीवे को भाजपा का नया प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे रणदीवे को अनुशासन और रणनीति का मजबूत चेहरा माना जाता है। अब वे प्रदेश स्तर पर पार्टी की नीतियों के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएंगे। नगराध्यक्ष रहते हुए बीजेपी ने हर मोर्चे पर विरोधी पार्टियों को चित्त किया, इसका फायदा उन्हें मिला है। साथ ही प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के करीबी होने का भी लाभ हुआ है। पहले उन्हें उपाध्यक्ष पद देने का चल रहा था लेकिन आखिर में शर्मा की चली और रणदिवे को महामंत्री पद दिया गया। युवा और ऊर्जावान चेहरा डॉ. निशांत खरे को भाजपा ने प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। डॉक्टर खरे की संगठन में तेज़ी से बढ़ती पहचान ने उन्हें प्रदेश की मुख्य टीम में जगह दिलाई है। यह संकेत है कि भाजपा अब अनुभव और युवा ऊर्जा दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहती है। पूर्व संगठन मंत्री शैलेंद्र बरुआ को फिर से प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर पार्टी ने यह संदेश दिया है कि भाजपा अपने पुराने सिपाहियों को सम्मान देना नहीं भूलती। बरुआ का प्रदेश टीम में आना संगठन की मजबूती का प्रतीक माना जा रहा है।

इस नई घोषणा के साथ इंदौर अब भाजपा की प्रदेश राजनीति का पावर सेंटर बन गया है। तीनों नेताओं का चयन यह साबित करता है कि इंदौर न केवल भाजपा के दिल में, बल्कि उसके दिमाग में भी जगह बना चुका है।




### रणदिवे, एकलव्य, सोनकर की तिकड़ी शुरू से चर्चा में

प्रदेशाध्यक्ष पद से वीडी शर्मा की विदाई और फिर खंडेलवाल के आने के बाद से ही इंदौर में राजनीति की नई तिकड़ी गौरव रणदिवे, एकलव्य गौड़ और सावन सोनकर की तिकड़ी चर्चा में रही। जब खंडेलवाल इंदौर पहली बार आए तो स्वागत समारोह में यह तिकड़ी पूरे समय पैदल चली और पूरा मजमा लूटा था।

इस स्वागत आयोजन में यही तिकड़ी और उनके लगाए पोस्टर चर्चा में बने रहे। इसका असर अब दिख रहा है। रणदिवे को महामंत्री पद से नवाजा गया। एकलव्य गौड़ क्योंकि विधायक पुत्र हैं इसलिए उन्हें राजनीति में फिलहाल परिवारवाद के चलते कोई पद मिलना मुश्किल ही है।

### अब निगाहें इन पर टिकी

नगराध्यक्ष इंदौर के पद से चूके टीनू जैन एक और पद पाने से चूक गए। इसी तरह उपाध्यक्ष रहे जीतू जिराती भी बाहर हो गए हैं। नानूराम कुमावत भी पिछड़ा मोर्चा के लिए लगे थे लेकिन पद नहीं मिला। इन पदों के बाद अब दौड़ इंदौर में इंदौर विकास प्राधिकरण यानी आईडीए चेयरमैन पद की होगी। इसके लिए सबसे अहम दावेदारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के गुट से हरिनारायण यादव की है, तो साथ ही जीतू जिराती भी दौड़ में रहेंगे। उधर पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता भी विधायक टिकट कटने के बाद इसके इंतजार में हैं।

### 97 दिनों का इंतजार, दीपावली पर हेमंत खंडेलवाल का मास्टर स्ट्रोक

हेमंत खंडेलवाल को गत 2 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए थे, जो 31 साल बाद वैश्य समाज से इस पद पर पहुंचे। लेकिन नई टीम की घोषणा में देरी-केंद्रीय नेतृत्व जेपी नड्डा की सहमति के बाद-संगठनात्मक मंथन का नतीजा थी। भाजपा सूत्रों के अनुसार, यह सोशल इंजीनियरिंग का हिस्सा था-जातीय, क्षेत्रीय और युवा-महिला बैलेंस साधने के लिए। दिवाली से ठीक पहले जारी सूची ने पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भर दिया। टीम में दलित चेहरों को प्रमुखता देने का फैसला भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग का हिस्सा है। मध्य प्रदेश में दलित आबादी 21% है, और 2023 विधानसभा में इन वोटों ने भाजपा को बहुमत दिलाया। खंडेलवाल ने कहा, टीम में 40% नए चेहरे हैं, जो संगठन को ताजगी देंगे। लेकिन पूर्व कार्यकर्ताओं का दावा है कि 60% बदलाव से पुरानी लॉयल्टी प्रभावित हो सकती है।





प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त महामंत्री गौरव रणदिवे ने आज सुबह प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री कृष्णकुमार मोघे से आशीर्वाद लेने पहुंचे।

### ब्रेकिंग न्यूज

- दिल्ली पुलिस की रेड में आईएसआईएस मॉड्यूल का पर्दाफाश, 2 आतंकी गिरफ्तार
- विधि और न्याय मंत्रालय ने सीजेआई को लिखा पत्र, उत्तराधिकारी का नाम देने की सिफारिश
- अफगानिस्तान में फिर हिली धरती, आया 3.7 तीव्रता का भूकंप
- बिहार : 28 अक्टूबर को जारी किया जाएगा महागठबंधन का साझा घोषणा पत्र
- हैदराबाद- कावेरी ट्रैवल्स की बस में लगी आग, 11 यात्रियों की हुई मौत
- बैंगलुरु में आज से शुरू होगा रंगा शंकरा का वार्षिक थिएटर फेस्टिवल
- भारत ने यूएन में मध्य पूर्व में स्थिरता, शांति के लिए सहयोग की पेशकश की

## बिहार चुनाव : कांग्रेस के टिकट पर संघ के सदस्य उतरे मैदान में!

**पटना (एजेंसी)** ● बिहार विधानसभा चुनाव में आरएसएस के करीब एक दर्जन सक्रिय सदस्यों ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरने से पार्टी में खलबली मच गई है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस भी परेशान हो गई है। कांग्रेस ने इन सदस्यों के प्रोफाइल की जांच शुरू कर दी है और दो वरिष्ठ नेताओं की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई का मन बना लिया है। साथ ही, पार्टी ने बिहार चुनाव प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से इस पूरे प्रकरण पर जवाब मांगा है। फिलहाल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।



कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, पार्टी ने कई टिकट उन नेताओं के कहने पर वितरित किए हैं, जो असल में आरएसएस के सक्रिय सदस्य हैं। यह सदस्यता उन सदस्यों ने पार्टी के टिकट मिलने से कुछ ही दिनों पहले तक आरएसएस के कार्यक्रमों में भागीदारी की थी। खासतौर पर पटना के कुम्हार विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी इंद्रदीप चंद्रवंशी और पश्चिम चंपारण के नौतन सीट के प्रत्याशी अमित गिरी के संबंध में इनपुट्स हैं, जिनके बारे में जानकारी है कि वे लंबे समय से आरएसएस से जुड़े रहे हैं और बीजेपी सांसद संजय जायसवाल के करीबी भी हैं। इसके बावजूद, कांग्रेस ने इन्हें प्रत्याशी बनाया है, जिसको लेकर पार्टी ने गंभीरता से लिया है और इनकी पैरवी करने वाले नेताओं पर कार्रवाई की तैयारी कर ली है।

इसके अलावा, फारबिसगंज विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मनोज विश्वास, नालंदा के छोटे मुखिया, पूर्णिया के इरफान आलम, रक्सौल से श्याम बिहारी प्रसाद, सोनवर्षा से सरिता पसवान, साथ ही सिकंदरा और किशनगंज की सीटों के प्रत्याशियों के संबंध में भी सवाल उठ रहे हैं। ये सभी नेता बीजेपी, जदयू और लोजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं।

■ *पार्टी ने इनको क्यों टिकट दी, इस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अगर इन नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है, तो क्यों इसकी जानकारी मीडिया या सोशल मीडिया के माध्यम से नहीं दी गई। पार्टी ने इन टिकटों की प्रक्रिया में पारदर्शिता का उल्लंघन किया है या नहीं, इस पर भी चर्चा हो रही है।*

■ *कांग्रेस ने इनकी टिकट के पीछे दो नेताओं की पैरवी का भी खुलासा किया है। माना जा रहा है कि इन दोनों नेताओं ने टिकट बांटने में अहम भूमिका निभाई, और इन पर आरोप है कि उन्होंने बड़ी राशि लेकर टिकट वितरण में अपना प्रभाव डाला। इन दोनों नेताओं में से एक आरजेडी से कांग्रेस में आया है, जबकि दूसरा अभी तक पार्टी की सदस्यता नहीं ले पाया है, लेकिन दोनों की टिकटों में भागीदारी चर्चा का विषय बनी हुई है।*

### उज्जैन के श्मशान में बिहार चुनाव में जीतने के लिए प्रत्याशी करा रहे तांत्रिक अनुष्ठान

उज्जैन के चक्रतीर्थ श्मशान में इन दिनों विशेष तंत्र क्रियाएं चल रही हैं। यहां तांत्रिक बिहार चुनाव के प्रत्याशियों की जीत के लिए अलग-अलग अनुष्ठान कर रहे हैं। ये पहला मौका नहीं है, जब उज्जैन के श्मशान में ऐसे अनुष्ठान किए जा रहे हैं। इससे पहले भी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और लोकसभा चुनाव में कई प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी जीत के लिए तंत्र-मंत्र कराए हैं। इसके लिए देशभर के तांत्रिकों को जिम्मेदारी सौंपी है। इन्हीं में से एक तांत्रिक भय्यू महाराज दिवाली पर घनी काली अमावस्या की रात में तंत्र साधना में लीन रहे। उन्होंने जजमान का नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि यह तंत्र साधना बिहार चुनाव के लिए की जा रही है। प्रत्याशियों की जीत के लिए कछुआ साधना, शव साधना, विजय अनुष्ठान किए जा रहे हैं। भय्यू महाराज ने कहा कि जो लोग प्रत्याशी की जीत के लिए तंत्र क्रिया का सहारा लेते हैं, वे अपना नाम सार्वजनिक नहीं करते हैं। चक्रतीर्थ श्मशान में तांत्रिक भय्यू महाराज ने बिहार चुनाव में जीत के लिए अनुष्ठान किया।

**25 से 30 हजार रुपए का खर्च**

तंत्र क्रिया से जीत का दावा करने वाले भय्यू महाराज ने बताया कि इस अनुष्ठान में 25 से 30 हजार रुपए तक का खर्च आता है। अब तक राष्ट्रीय जनता दल के दो प्रत्याशी उज्जैन के श्मशान में तंत्र साधना करा चुके हैं। फिलहाल इसी पार्टी के लोग ज्यादा आ रहे हैं। महागठबंधन के प्रत्याशी भी संपर्क में हैं।

## 29 अक्टूबर को पूरी दिल्ली में होगा अलग अद्भुत नजारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● दिल्ली में पहली बार क्लाउड सीडिंग के माध्यम से कृत्रिम वर्षा कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीएम रेखा गुप्ता ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों द्वारा बुराड़ी क्षेत्र में इसका सफल परीक्षण किया गया है। मौसम विभाग ने 28, 29 और 30 अक्टूबर को बादलों की उपस्थिति की संभावना जताई है। यदि परिस्थितियां अनुकूल रहीं, तो 29 अक्टूबर को दिल्ली पहली कृत्रिम बारिश का अनुभव करेगी।

सीएम ने आगे कहा कि यह पहल न सिर्फ तकनीकी दृष्टि से ऐतिहासिक है, बल्कि दिल्ली में प्रदूषण से निपटने का एक वैज्ञानिक तरीका भी स्थापित करने जा रही है। सरकार का उद्देश्य है कि इस नवाचार के माध्यम से राजधानी की हवा को स्वच्छ और वातावरण को संतुलित बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने इस प्रयास को सफल बनाने में लगे मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और अधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

वहीं मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली के लिए आज एक ऐतिहासिक दिन था। उन्होंने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता की अगुवाई में दिल्ली सरकार ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। क्लाउड सीडिंग की पहली सफल ट्रायल दिल्ली में की गई। मंत्री ने बताया कि आईआईटी कानपुर ने इस ट्रायल को अंजाम दिया। मंत्री सिरसा ने बताया कि कानपुर से प्लेन ने दोपहर को उड़ान भरी और दोपहर साढ़े तीन के करीब बुरारी पहुंची। बुराड़ी में एक छोटे क्लाउड के ऊपर पैरो टेक्निक के माध्यम से ब्लास्ट कराया गया। ब्लास्ट से प्लेन की स्ट्रेंथ कंफर्म हुई। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार अब पूरे तौर पर तैयार है।



## इंदौर एयरपोर्ट की रैंकिंग गिरी देश में चौथे स्थान पर आया

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट साल 2025 की तीसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) में देश के शीर्ष एयरपोर्ट की रैंकिंग में एक स्थान गिरते हुए चौथे पायदान पर पहुंच गया है। दूसरी तिमाही में यह देश में तीसरे पायदान पर था, जबकि साल की पहली तिमाही में चौथे नंबर पर था। इंदौर एयरपोर्ट को अपनी एशिया पैसेफिक की रैंकिंग में भी पांच पायदान का नुकसान हुआ है। अब वह एशिया पेसेफिक के 98 एयरपोर्ट में 58 से 63वें स्थान पर आ गया है।

हालांकि गोवा और वाराणसी से इंदौर एयरपोर्ट के अंकों में महज 0.1 का अंतर है। एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार गुरुवार रात को जारी हुई एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे की रिपोर्ट में इंदौर एयरपोर्ट को चौथी रैंकिंग मिली है। उसे कुल पांच में से 4.93 अंक मिले हैं, जबकि पुणे को 4.96 अंक मिले हैं। इस सर्वे में 31 बिंदुओं पर यात्रियों से फीडबैक लिया जाता है, लेकिन इस बार 24 बिंदुओं पर पिछली तिमाही की तुलना में अंक कम मिले हैं। जिसमें सबसे अधिक शॉपिंग और वेल्यू फॉर मनी शापिंग में सबसे कम नंबर मिले हैं। वहीं जिस वॉशरूम और टॉयलेट की उपलब्धता और साफ-सफाई को लेकर लोग ट्विट पर लगातार सवाल उठाते हैं। उसमें बीते तिमाही की तुलना में अधिक अंक मिले हैं। मतलब एयरपोर्ट पर इसमें सुधार हुआ है। प्रबंधन का कहना है कि हम सुधार करेंगे और फिर से शीर्ष रैंकिंग प्राप्त करेंगे। पुणे, गोवा, वाराणसी, इंदौर, चेन्नई, देहरादून, कोलकाता, रायपुर, भुवनेश्वर और पटना।



## 1 नवंबर से बैंक खाते में अब चार नॉमिनी रख सकेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● बैंक खाते में अब एक की जगह चार नॉमिनी जोड़े जा सकेंगे। ग्राहक यह भी तय कर पाएंगे कि चार नॉमिनी में से किसे कितना हिस्सा मिलेगा और किसे प्राथमिकता दी जाएगी। वित्त मंत्रालय ने 23 अक्टूबर को बताया कि इस बदलाव से बैंकिंग क्लेम और उत्तराधिकार की प्रोसेस आसान और पारदर्शी बनेगी। नया नियम 1 नवंबर 2025 से लागू हो जाएगा। नॉमिनेशन जोड़ने, बदलने या रद्द करने के लिए फॉर्म और प्रोसेस की गाइडलाइन जल्द जारी की जाएगी। ग्राहक चाहें तो सक्सेसिव नॉमिनी भी रख सकते हैं-इसका मतलब है कि पहले नंबर का नॉमिनी न रहे तो दूसरे की दावेदारी होगी। इसी क्रम में तीसरे और चौथे नॉमिनी दावेदारी कर सकेंगे।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि बैंक खातों में तो ग्राहक एक साथ चार नॉमिनी रजिस्टर कर सकते हैं, लेकिन सेफ कस्टडी और लॉकर के मामले में केवल सक्सेसिव नॉमिनी ही बनाए जा सकेंगे। इसका मतलब है कि पहले नंबर पर दर्ज नॉमिनी के न रहने पर दूसरे की दावेदारी होगी। इस बदलाव से लॉकर में रखे गहने, कागजात और मूल्यवान वस्तुओं के क्लेम में देरी नहीं होगी।



**बदलाव से आम आदमी को क्या मिलेगा?**

अब अकाउंट होल्डर अपनी जमा राशि को समान रूप से बांट सकते हैं- जैसे पत्नी, बेटे, बेटी, माता को 25-25% हिस्सा। पहले सिर्फ एक नाम देने की मजबूरी थी, जिससे परिवार में विवाद की संभावना ज्यादा थी। चार नाम और स्पष्ट हिस्सेदारी होने से पारिवारिक झगड़े या कोर्ट केस कम होंगे। बैंक के पास अगर पहले से चारों नॉमिनी दर्ज हैं, तो कोई लीगल पेचीदगी नहीं होगी।

# अफसरों को फुर्सत नहीं, वार्डों में हो रहे ड्रेनेज और पुलियाओं के घटिया काम

## वार्ड 26 में कई जगह ड्रेनेज लाइन बिछाने का काम, सीमेंट के साथ बालूरेती के बजाए मिला रहे हैं चूरी, हुईं शिकायतें

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • नगर निगम मे अफसरों की कमी के चलते कई अधिकारियों को चार से पांच विभागों के प्रभार दे दिए गए हैं और इसका खामियाजा वार्डों में घटिया काम होने के कारण रहवासी भुगत रहे हैं। दो स्थानों पर पुलिया और ड्रेनेज लाइनों के कामों में घटिया निर्माण कार्य की शिकायत रहवासियों ने की है।

सिरपुर कांकड़ क्षेत्र के वार्ड 1 में वर्षों पुरानी पुलिया को तोडक़र नई बनाए जाने का काम निगम द्वारा शुरू कराया गया था। काम कई दिनों से धीमी गति से चल रहा है, जिसके चलते रहवासी परेशान हैं और अब वहां घटिया मटेरियल और मापदण्डों के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है और ना ही निगम का कोई अधिकारी वहां शिकायतों के बाद निरीक्षण करने पहुंचा था। पुलिया निर्माण के लिए किए जा रहे कार्यों के माामले में रहवासियों ने



अधिकारियों को शिकायत भी की है। दूसरी ओर इसी प्रकार वार्ड 26 के कई क्षेत्रों में वर्षों पुरानी ड्रेनेज लाइनों को बदलकर नई बिछाने का काम शुरू किया गया है। पूरे नेहरू नगर और उसके आसपास के कई इलाकों में बिछाई जा रही ड्रेनेज लाइनों में घटिया मटेरियल का इस्तेमाल हो रहा है। रहवासियों का कहना है कि सीमेंट के साथ बालूरेती के बजाए चूरी का इस्तेमाल कर चेंबर की लाइनों के कार्य हो रहे हैं, जिससे आने वाले दिनों में फिर फजीहत होगी।

### सुबह-सुबह निगम कमिश्नर स्कीम 134 के बगीचों की स्थिति देखने पहुंचे

नगर निगम कमिश्नर रोज सुबह अलग-अलग क्षेत्रों में दौरा कर सफाई व्यवस्था और अन्य कार्यों में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। आज भी स्कीम 134 के बगीचे की दुर्दशा को लेकर उन्होंने दरोगा और उद्यान कर्मचारी की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए।

आज सुबह कमिश्नर स्कीम 134 के कई क्षेत्रों में निरीक्षण करने पहुंचे थे। सफाई व्यवस्था कुछ जगह ठीक मिली, कुछ जगह कचरा पड़ा होने पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ-साथ चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान उक्त क्षेत्र के डी लाइन क्षेत्र के बगीचे की दुर्दशा देख अधिकारियों को फटकार लगाई और दरोगा के साथ-साथ वहां नियुक्त कर्मचारी की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद वे अफसरों के साथ स्टार चौराहे से दरगाह चौराहे तक बन रही निर्माणाधीन सडक़ का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता को लेकर अफसरों से तमाम जानकारियां ली और संबंधित एजेंसी को समयावधि में काम पूरा करने की चेतावनी दी। इसके साथ ही जमजम चौराहे को लेकर की गई प्लानिंग पर भी उन्होंने अफसरों से जानकारी ली।

## न्यूज इन ब्रीफ

### श्रमिकों की आयु गणना के लिये नवीन निर्देश

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना अंतर्गत श्रमिक की आयु गणना के लिये श्रम विभाग द्वारा नवीन निर्देश जारी किये गये हैं। अब आयु गणना के लिये आधार कार्ड के आधार पर शब्द विलोपित किया गया है। आयु के प्रमाण के लिये परीक्षा लेने वाले बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया प्रमाण पत्र या अंकसूची या उस अंतिम विद्यालय द्वारा, जिसमें उसने अध्ययन किया, जारी किया गया विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र मान्य होगा। इसी तरह जन्म तथा मृत्यु के रजिस्ट्रार से प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायत या मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्रमाण पत्र मान्य होगा। श्रम विभाग के अतिरिक्त सचिव श्री बसंत कुर्रे ने बताया है कि उपरोक्त प्रमाण-पत्रों के न होने पर उस चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र, जो शासकीय सेवा में सहायक शल्य चिकित्सक की पदश्रेणी से निम्न पद श्रेणी का न हो का प्रमाण पत्र मान्य होगा। उक्त चारों दस्तावेजों अथवा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अन्य आयु संबंधी दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत गुण-दोष के आधार पर आयु संबंधी निर्णय लिया जायेगा।

### श्रमिकों को बोनस भुगतान जरूरी

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्रम विभाग द्वारा राज्य में संचालित समस्त कारखानों और वाणिज्यिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे संस्थान जहां बीस या इससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं और जिनका मासिक वेतन 21 हजार रुपये से कम है, उन्हें बोनस भुगतान किया जाना जरूरी है। अधिनियम के अनुसार हर लेखा वर्ष में किए गए कार्य के बोनस का भुगतान आगामी लेखा वर्ष में 30 नवंबर तक किया जाना चाहिए। बोनस की राशि 7000 रुपये अथवा 8.33% जो भी अधिक हो वह देय होगी। उप श्रम आयुक्त श्री आशीष पालीवाल ने बताया है कि उक्त बोनस का भुगतान न होने की स्थिति में अपनी शिकायत संबंधित जिला श्रम कार्यालय में, एलसीएमएस पोर्टल पर, शासन द्वारा संचालित cmhelpline पोर्टल 181 पर अथवा श्रम विभागीय टोल फ्री नंबर 18002338888 पर दर्ज करवा सकते हैं।

### जैन समाज कमिश्नर कार्यालय पर ज्ञापन भेंट करेंगे

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • दिगंबर जैन सामाजिक संसद, विश्व जैन संगठन और राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ समस्त जैन समाज से निवेदन करता है कि जैन समाज की धरोहर HND



हॉस्टल पुणे को बचाने के लिए समग्र जैन समाज आगे आए। विश्व जैन संगठन एवं राष्ट्रीय जिन शासन के प्रचारक राजेश जैन दद्दू एवं अध्यक्ष मंयक जैन ने अपने व्यक्तव में समाज से आह्वान करते हुए कहा कि एकता के साथ समाज की धरोहर को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी समाज जन की है। यह समय एकजुटता दिखाने का है। दद्दू ने कहा कि सेठ हीराचंद नेमचंद हॉस्टल पुणे की बिक्री के विरोध में 27 अक्टूबर सोमवार 2025 को सुबह 11 बजे कमिश्नर कार्यालय पर समंग्र जैन समाज के द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा सभी समाज जन से निवेदन समाज की धरोहर को बचाने के लिए अवश्य सुबह 10:45 पर कमिश्नर कार्यालय पर उपस्थित होवे।

### प्रदेश में 45 रोड सेफ्टी एण्ड एनफोर्समेंट चेकिंग प्वाइंट से निगरानी

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • प्रदेश में वाहन चेकिंग की पारदर्शी व्यवस्था लागू करने तथा सुशासन के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त परिवहन चेकपोस्टों को बंद कर दिया गया है। इनके स्थान पर परिवहन विभाग ने 45 रोड सेफ्टी एण्ड एनफोर्समेंट चेकिंग प्वाइंट प्रारम्भ कर दिए हैं। इन पर पदस्थ प्रवर्तन बल द्वारा बॉडीवोर्न कैमरों की निगरानी में पीओएस मशीन के माध्यम से वाहनों के विरुद्ध ऑनलाइन चालानी कार्यवाही की जा रही है। इज ऑफ डुइंग बिजनेस के अंतर्गत इन प्वाइंट पर द्वारा अहम निर्णय लेते हुए प्रदेश में प्रवेश करने वाले अन्य राज्यों के वाहनों द्वारा ई-चेकपोस्ट मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन मोटरयान कर जमा करने की सुविधा दी गई है। परिवहन विभाग ने इस वर्ष 5 हजार 693 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण का लक्ष्य रखा है। पिछले वर्ष 2024-25 में परिवहन विभाग ने करीब 4 हजार 875 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण किया था। यह राजस्व वर्ष 2023-24 के मुकाबले 5.83 प्रतिशत अधिक रहा है। परिवहन विभाग की प्रक्रिया को सरल बनाने तथा आम जनता को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाहनों के रजिस्ट्रेशन, परमिट तथा ड्राइविंग लाइसेंस आदि से संबंधित अधिकतर सेवाओं को एनआईसी के पोर्टल वाहन तथा सारथी के माध्यम से फेसलेस प्रदान किया जाना प्रारम्भ किया गया है।

### एंटी रैगिंग सेल को पहुंची शिकायत, मामला मेडिकल कॉलेज का

# छात्रा को सीनियर ने इतना प्रताड़ित किया कि चार माह में 22 किलो कम हुआ वजन

## चार सीनियर के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • एमजीएम मेडिकल कॉलेज की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की एक पीजी छात्रा अपने ही चार सीनियर छात्रों के खिलाफ एंटी रैगिंग सेल को मेल भेजकर नामजद शिकायत की है। छात्रा का आरोप है कि उसे मानसिक रूप से इतना ज्यादा प्रताड़ित किया गया है कि उसे 14 दिन का अवकाश लेना पड़ा है। इतना ही नहीं प्रताड़ना के कारण चार माह में 22 किलो वजन कम हो गया है । राष्ट्रीय स्तर की एंटी रैगिंग सेल को पहुंची शिकायत के बाद वहां से एमजीएम मेडिकल कॉलेज को इस मामले में जांच के लिए लिखा गया है। इस पर गुरुवार को कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक डॉ. पूर्णिमा डे सरकार के नेतृत्व में रखी गई थी और कमेटी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

**लगातार नाइट ड्यूटी के साथ एक्स्ट्रा ड्यूटी लगाई**-पीजी छात्रा का आरोप है कि उसे गत चार माह से लगातार चार सीनियर छात्रों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। उसकी लगातार नाइट ड्यूटी के साथ ही एक्स्ट्रा ड्यूटी लगाई जा रही है। इस मामले में स्थानीय स्तर पर शिकायत करने पर कोई रिस्पांस नहीं मिला है। लगातार मानसिक प्रताड़ना के कारण 14 दिन का अवकाश लेना पड़ा। इस पर भी सीनियर छात्रों द्वारा सोशल मीडिया पर उसके खिलाफ नकारात्मक और भ्रामक तरीके से बातें फैलाई गई । लगातार प्रताड़ना के कारण उसका चार माह में 22 किलो वजन कम हो चुका है और वो डिप्रेशन का शिकार होने लगी है।

### एंटी रैगिंग कमेटी आई हरकत में

एंटी रैगिंग सेल से मिले पत्र के बाद एमजीएम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन हरकत में आ गया है। इस मामले की जानकारी के बाद एंटी रैगिंग कमेटी ने पीजी छात्रा के आरोपों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को डॉ. सरकार के नेतृत्व में हुई बैठक में विभागाध्यक्ष डॉ. निलेश दलाल भी शामिल हुए थे। इस मामले में डॉ. दलाल का कहना है कि एंटी रैगिंग अपने स्तर पर काम कर रही है। इस मामले की उन्हें जानकारी नहीं है और विभागाध्यक्ष होने के नाते वो कमेटी की बैठक में मौजूद थी। जो भी जांच-पड़ताल होना है, वो एंटी रैगिंग कमेटी द्वारा की जाएगी।

# अब स्पीड के साथ मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन, 17 किलोमीटर तक चली

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन अब 17 किलोमीटर तक हो रहा है। दस दिन पहले काफी कम स्पीड से मेट्रो का ट्रायल रन हुआ था। गुरुवार को फिर स्पीड बढ़ाकर गांधी नगर डिपो से रेडिसन चौराहा तक ट्रायल रन हुआ। अब धीरे-धीरे स्पीड बढ़ाकर ट्रायल रन लगातार होंगे। अगले साल तक मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को 17 किलोमीटर लंबाई में मेट्रो का संचालन करना है। इस कारण बचे कामों को भी पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है।

इंदौर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन अलग-अलग समय पर हुआ। दो साल पहले छह किलोमीटर का ट्रायल रन हुआ था। फिलहाल इस हिस्से में मेट्रो का संचालन भी हो रहा है, लेकिन पर्याप्त यात्री नहीं मिल पा रहे हैं। इस कारण शाम के समय ही मेट्रो का संचालन होने लगा है। पिछले माह दस किलोमीटर, फिर 13 किलोमीटर और 17 किलोमीटर का ट्रायल रन किया गया था।



### सिंहस्थ में मददगार होगी मेट्रो ट्रेन

- इंदौर में 17 किलोमीटर लंबाई में मेट्रो ट्रेन बस स्टेशन, एयरपोर्ट को कवर करेगी। इस कारण यात्रियों को फायदा होगा।
- 31 किलोमीटर का कॉरिडोर पूरा होने के बाद हर 30 मिनट के अंतर से मेट्रो ट्रेन चलेगी। शहर में कुल 28 स्टेशनों से ट्रेन गुजरेगी। फिलहाल आठ जगह स्टेशनों का काम चल रहा है। 20 से लेकर 80 रुपये तक मेट्रो ट्रेन का किराया होगा। मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन ने किराए के लिहाज से मेट्रो रूट को पांच जोन में बांटा है।
- 20 से ज्यादा मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा। एक ट्रेन में साढ़े चार सौ यात्री सवार हो सकेंगे। बैठने के अलावा खड़े रहकर सफर करने में भी आसानी होगी। ट्रेन के भीतर लगे पोल में चार ग्रिप दी गई है, जिसे यात्री पकड़ कर सफर कर सकते हैं। मेट्रो ट्रेन बाहरी और आंतरिक रूप से सीसीटीवी कैमरों से लैस होगी।
- सुपर कॉरिडोर पर सात किलोमीटर लंबे रूट पर मेट्रो ट्रेन का संचालन हो रहा है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने शुरुआत में मेट्रो ट्रेन का सफर मुफ्त रखा तो डेढ़ लाख से ज्यादा यात्रियों ने उसमें सफर किया, लेकिन जब टिकट लगने लगे तो यात्रियों की संख्या घट गई।

# सड़क पर बेसुध मिले मासूम की किडनियां खराब संस्था के सेवादार, अस्पताल स्टाफ बने मददगार

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • पिता के निधन के बाद टूटी जिंदगी का बोझ जब एक 10 साल के बच्चे पर आ पड़ा, तो मासूमियत भूख और लाचारी के बोझ तले दब गई। मां काम की मजबूरी में दूर रही और बच्चा अकेलेपन में तिल-तिल कर जीता रहा। हालात इतने बिगड़े कि वह सड़क पर बेसुध होकर गिर पड़ा। इंदौर के एक सामाजिक संस्था के सेवादारों की नजर उस पर पड़ी तो उसे तुरंत उठाकर अस्पताल ले गए और इलाज शुरू कराया।

जांच में पता चला कि मासूम की दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं। शरीर में सेप्टिक के साथ कई अंग फेल हो गए हैं और हालत गंभीर है। इस पर सेवादारों ने अस्पताल स्टाफ के साथ समन्वय करके उसकी देखभाल की जिम्मेदारी ली। साथ ही सेवादार उसके परिवार की तलाश में जुटे रहे। इसके लिए सोशल मीडिया की मदद ली गई। आखिरकार कोशिश सफल रही और उसकी मां को ढूंढ निकाला गया। मासूम की स्थिति अभी भी गंभीर है और सभी ईश्वर से उसके शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं।

उसके शरीर पर काफी सूजन थी और वह बोलने की स्थिति में नहीं था। सेवादारों ने उसे तुरंत इलाज के लिए सरकारी एमवाय अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बालक की नाजुक स्थिति की जानकारी डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया को दी। इसके बाद डॉ. जितेंद्र वर्मा (डिप्टी सुपरिटेंडेंट) ने न्यू चेस्ट वार्ड (पीडियाट्रिक) में उसका इलाज शुरू कराया।

**मां का नाम भी ठीक से नहीं बता पा रहा था**-बच्चे के परिवार का कोई पता नहीं चल पाया, इसलिए संस्था के सेवादार और अस्पताल का स्टाफ उसकी देखरेख और इलाज में जुट गए। इस दौरान वे ही उसका डायलिसिस कराते रहे और उसकी पूरी केयर करते रहे। बालक बीच-बीच में मां को याद कर रोता रहा, लेकिन न तो वह मां का नाम ठीक से बता पा रहा था और न ही घर का पता। इस पर सभी ने पहले उसका बेहतर इलाज कराने पर ध्यान दिया। साथ ही संस्था के सेवादारों ने उसके फोटो और वीडियो इंदौर सहित अन्य शहरों के वॉट्सऐप ग्रुप्स पर शेयर किए, ताकि परिवार का पता चल सके।

**थोड़ी हालत ठीक हुई तो बोला-? मां छोड़कर चली गई**-बीच-बीच में जब उसकी हालत थोड़ी ठीक हुई, तो उसने बताया कि उसका नाम अजय है। पिता का निधन हो चुका है और मां उसे छोड़कर चली गई है। वह केटरिंग का काम करती है और कई बार एक-दो महीने तक बाहर भी रहती है।

इस बार ढाई महीने से वह बाहर गई है और पता नहीं कहां है?। उसके दो बड़े भाई हैं, जो अलग कहीं रहते हैं और उसकी परवाह नहीं करते। अजय दादी के पास रहता है, जो विकलांग होने के कारण बिस्तर पर है। वह दादी का नाम और पता भी नहीं बता पाया। इस पर सभी ने उसे हिम्मत दी कि उसका अच्छा इलाज कराया जाएगा और उसकी मां से मिलवाया जाएगा। वे उसे परिवार जैसा प्यार और स्नेह देते रहे।

### सड़क किनारे बेसुध पड़ा था 10 वर्षीय बालक

शहर में पिछले कई दिनों से हर ओर दीपोत्सव की तैयारियों की धूम थी। इसी दौरान 13 अक्टूबर की रात महाकाल संस्था के सेवादार पं. जय्यू जोशी, करीम पठान और अजय नागदा को मूसाखेड़ी चौराहा के पास एक 10 वर्षीय बालक सड़क पर बेसुध पड़ा मिला।

## 'सुमन सखी चैटबॉट' से गर्भवती व प्रसूता महिलाओं को मिलेगी सेहत की जानकारी

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में आरंभ की गई एआई आधारित चैटबॉट सेवा से मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुधार में मदद मिलेगी। अब गर्भवती महिलाएँ गर्भावस्था के दौरान तथा प्रसव के बाद अपनी स्वास्थ्य संबंधी शंकाओं का समाधान घर बैठे ही सुमन सखी चैटबॉट से प्राप्त कर सकेंगी। इस सेवा के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र जाने या एनएचएम एवं आशा कार्यकर्ताओं की राह देखने की आवश्यकता नहीं होगी। चैटबॉट तत्काल आवश्यक सलाह और जानकारी प्रदान करेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि चैटबॉट में गर्भावस्था और मातृ स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर सामग्री विकसित की गई है। यह चैटबॉट 24 घंटे सक्रिय रहेगा और महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल, उच्च जोखिम गर्भस्थ स्थितियों के बारे में जानकारी देगा। इस चैटबॉट को एनएचएम मध्यप्रदेश ने राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम के सहयोग से विकसित किया है। यह चौबीसों घंटे हिन्दी में काम करेगा।

## वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • डॉ. अंबेडकर नगर महू की विधायक सुश्री उषा ठाकुर के विशेष प्रयासों से 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को पात्रतानुसार नि:शुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु एक विशेष परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इंदौर के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 29 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को जनपद पंचायत परिसर, डॉ. अंबेडकर नगर महू में प्रात: 10 बजे से आयोजित किया जायेगा। परीक्षण शिविर में राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकता अनुसार विभिन्न सहायक उपकरण — जैसे कि श्रवण यंत्र, बैसाखी, ट्राईपॉड, व्हीलचेयर, वॉकर, वॉकिंग स्टिक, कमोड चेयर, चेयर स्टूल, फुट केयर यूनिट, स्पाइन सपोर्ट, सर्वाइकल कॉलर, लम्बो सेकल बेल्ट आदि प्रदान करने हेतु चिन्हांकित किया जायेगा।

# दीपावली पर भी धूल फांकती रही इंदौर की जनता, महापौर के वादे निकले बेअसर

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर की खस्ताहाल सड़कें और उन पर हो रहे लगातार हादसे इंदौर की जनता के लिए मुसीबत का सबब बन गए हैं। महापौर द्वारा दीवाली से पहले सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का वादा किया गया था, लेकिन त्यौहार बीत जाने के बाद भी शहर की प्रमुख सड़कें बदहाल हैं। विजय नगर, इंदौर देवास बायपास, खंडवा रोड, एमआर 10 और सुपर कारिडोर जैसे प्रमुख मार्गों पर स्थिति सबसे खराब है, जहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। शहर की सड़कों की दुर्दशा को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा कई दौर की बैठकें कर चुके हैं। पिछले सप्ताह ही उन्होंने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर शहर के सभी प्रमुख ब्लैक स्पाट (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) को सुधारने के सख्त निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने चेतावनी दी थी कि यदि हादसे कम नहीं हुए तो संबंधित अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद, जमीनी हकीकत यह है कि न तो ब्लैक स्पाट पर कोई विशेष सुधार हुआ और न ही हादसों में कोई कमी आई है। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव पर अपना वादा पूरा न करने का आरोप लगाया है। चौकसे ने कहा कि महापौर की यह घोषणा भी झूठी साबित हो गई है। उन्होंने याद दिलाया कि निगम परिषद की पिछली बैठक में कांग्रेस पार्षद दल ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, जिसके जवाब में महापौर ने दीवाली तक सभी सड़कों का पेंचवर्क पूरा करने का आश्वासन दिया था।

### कांग्रेस ने बनवाए गड्ढों के वीडियो

चौकसे ने आरोप लगाया कि नगर निगम ने गड्ढे भरने के नाम पर कुछ दिन अभियान चलाकर काम बंद कर दिया। उन्होंने कहा, ẞअभी भी शहर के कई मुख्य मार्ग और कॉलोनियों के अधिकांश रोड गड्ढे से भरे हुए हैं।ẞ कांग्रेस नेता के अनुसार, दीवाली के दिन पार्टी के ब्लॉक और वार्ड स्तर के पदाधिकारियों के माध्यम से सड़कों की स्थिति की जानकारी जुटाई गई। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस द्वारा हर वार्ड में अभियान चलाकर गड्ढेदार सड़कों के फोटो और वीडियो तैयार करवाए गए हैं।

## यातायात पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला रही है। आज हेलमेट बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में पुलिस उपायुक्त आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त संतोष कुमार कौल और नरेश अन्नोटिया, सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार खत्री, थाना प्रभारी यातायात विजयकांत शुक्ला, पश्चिम नियंत्रण कक्ष प्रभारी राधा यादव सहित कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी, यातायात मित्र, बाइकर्स और आम नागरिक शामिल हुए। रैली पलासिया चौराहा से शुरू होकर रीगल सर्कल और राजवाड़ा होते हुए पलासिया सेल्फी पॉइंट पर खत्म हुई।

## इंदौर में तीन दिनी दत्त जयंती हीरक महोत्सव शुक्रवार से, भैय्याजी जोशी होंगे शामिल

**इंदौर संकेत**

**इंदौर** • नाना महाराज तराणेकर संस्थान इंदौर और त्रिपदी परिवार द्वारा दत्त जयंती हीरक महोत्सव 24 से 26 अक्टूबर तक रामबाग के समीप पुलिस ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आरएसएस के पूर्व सहकार्यवाह भैय्याजी जोशी, राष्ट्रीय सेविका समिति प्रमुख वंदनीय शांताक्का, पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन व कंचन गडकरी सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे। समारोह में मध्य प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, कर्नाटक से भी अनुयायी शामिल होंगे।

24 अक्टूबर को सुबह आठ बजे धार्मिक विधि व वैदिक पूजन होगा। इसमें 57 दंपतियों द्वारा तुला दान किया जाएगा। शाम को सांस्कृतिक आयोजन होंगे। 25 अक्टूबर को साढ़े सात सौ महिलाएं सत्यनारायण पूजन करेंगी। इसके बाद वक्ता अपने विचार रखेंगे। इसके अलावा एक पुस्तक का विमोचन भी होगा। 26 अक्टूबर को दतात्रय व नाना महाराज का राजोपचार पूजन होगा। इसके अलावा महाप्रसादी का आयोजन भी होगा। इंदौर में नाना महाराज तराणेकर ने 75 साल पहले दत्त जयंती महोत्सव शुरू किया था। नाना महाराज उज्जैन के समीप तराना गांव में रहते थे। वहां उन्होंने दत्त मंदिर की स्थापना की थी। इसके बाद महाराजा तुकोजीराव होलकर के आग्रह पर वे इंदौर आकर बस गए थे। फिर उन्होंने इंदौर में दत्त महोत्सव की शुरुआत की।

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

इंदौर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

# लाड़ली बहनों को भाई दूज पर नहीं मिले 250 रुपए, मुख्यमंत्री बोले अगले महिने देंगे

**भोपाल (एजेंसी) •** मध्य प्रदेश में लाड़ली बहनों को भाई दूज पर मिलने वाले 250 रुपए नहीं दिए गए। भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पर गुरुवार को हुए लाड़ली बहना कार्यक्रम के दौरान यह राशि ट्रांसफर की जानी थी। प्रदेश भर से लाड़ली बहनों को इस उम्मीद के साथ सीएम निवास बुलाया गया था। जब लाड़ली बहनें कार्यक्रम में पहुंचीं तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि एक करोड़ 26 लाख बहनों के बैंक खातों में 250 रुपए की किस्त अगले महीने जमा होगी। साथ ही 1250 रुपए की राशि बढ़कर 1500 रुपए की जा रही है, ये राशि भी नवंबर से हर महीने दी जाएगी। महिला और बाल विकास विभाग की आयुक्त निधि निवेदिता से दैनिक भास्कर ने पूछा कि आज कुल कितनी राशि ट्रांसफर की गई है? निधि ने कहा कि आज कोई राशि नहीं जमा कराई गई है। यह राशि अगले माह से ट्रांसफर होगी। अगले माह से 1500 रुपए दिए जाएंगे।

### 300 करोड़ रुपए खर्च आएगा

अब तक इस योजना के अंतर्गत 44,917.92 करोड़ रुपए सीधे बहनों के खातों में भेजे जा चुके हैं। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र बहनों के खाते में यह राशि ट्रांसफर होने के बाद नवंबर से एक साथ 1500 रुपए जमा होंगे। इस पर 300 करोड़ से अधिक का खर्च आएगा।




### बहनों के लिए 33% का आरक्षण

सीएम ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहनों को सशक्त करने के लिए 33% का आरक्षण की व्यवस्था की है।2029 के बाद देश और प्रदेश की विधायिका में बहनों की संख्या और बढ़ने वाली है।लाड़ली बहनें अगर रेडीमेड गारमेंट्स से जुड़ती हैं तो उनको 1500 रुपए के अतिरिक्त 5000 रुपए 10 साल तक दिए जाएंगे।

सरकार के माध्यम से बहनों की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए हम ऐसे और कई काम चालू कर रहे हैं।रजिस्ट्री या कोई प्रॉपर्टी आपके नाम कराना हो तो 2 प्रतिशत की छूट हमने इसमें भी दी है।हमारी बहनें अगर अपना खुद का कारखाना खोलती हैं तो 30% आरक्षण हमने उसमें भी दिया है।

### पहले 15 अक्टूबर को ही 1500 देने वाले थे

मुख्यमंत्री ने पिछले दो माह में कई बार यह ऐलान किया था कि दिवाली पर भाई दूज के पहले लाड़ली बहनों के खाते में 250 रुपए अलग से दिए जाएंगे।फिर अगले माह से 1500 रुपए हर महीने मिलेंगे।इससे पहले 15 अक्टूबर के पहले 1500 रुपए एक साथ देने की तैयारी थी, लेकिन वित्तीय बजट प्रबंधन न हो पाने के चलते इसे भाई दूज तक के लिए टाल दिया गया और भाई दूज पर राशि देने की बात कही गई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### धरावरा धाम पर अन्नकूट महोत्सव 28 को, 20 गांवों के श्रद्धालु आएँगे

**इंदौर •** धार रोड स्थित श्री धरावरा धाम पर दीपोत्सव की श्रृंखला में आश्रम के महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन मंगलवार, 28 अक्टूबर को शाम साढ़े 6 बजे से हनुमानजी को 56 भोग समर्पण, श्रृंगार दर्शन, महाआरती एवं प्रसादी के साथ होगा। आयोजन के प्रमुख डॉ. सुरेश चौपड़ा एवं नानूराम चौधरी ने बताया कि महोत्सव में आसपास के 20 गांवों के श्रद्धालु शामिल होंगे। संयोजक दिनेश गर्ग एवं कल्याण भांगड़िया तथा अध्यक्ष संतोषसिंह के मार्गदर्शन में आश्रम से जुड़े गोविंद मंगल, सुधीर अग्रवाल, अशोक कुमावत एवं सीताराम नरेड़ी को विभिन्न समितियों का दायित्व सौंपा गया है । भक्त मंडल द्वारा अन्नकूट महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। न्यासी मंडल के ललित अग्रवाल, गोपाल गोयल, नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले, ताराचंद खंडेलवाल, महेश मूंगड़, मुकेश ब्रजवासी, नीलेश उपाध्याय, रमेश मिश्रा, विष्णु काबरा एवं रेखा श्रीकांत शर्मा सहित भक्त मंडल की ओर से सभी गांवों में न्यौता देने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### समाजसेवी एवं उद्योगपति प्रवेश अग्रवाल के दुखद निधन पर अग्रसेन महासभा द्वारा शोक संवेदना

**इंदौर •** शहर के प्रमुख उद्योगपति एवं अग्रसेन महासभा के वरिष्ठ सदस्य प्रवेश अग्रवाल (सौम्या समूह) के आकस्मिक एवं दुखद निधन पर अग्रसेन महासभा ने अपनी आपात बैठक में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल, महासभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल, अरुण आष्टा वाले, अजय आलूवाले, प्रमोद बिंदल सहित सभी प्रमुख सदस्यों ने प्रवेश अग्रवाल के विनम्र और सौम्य व्यवहार का उल्लेख करते हुए उनके निधन को अग्रवाल समाज, अग्रसेन महासभा एवं शहर के कारोबारी जगत के लिए गहरी क्षति बताया। सभी सदस्यों ने 2 मिनिट का मौन रखकर उनके सेवाकार्यों एवं उनसे जुड़े संस्मरण साझा कर उनके अन्य परिजनों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की।

### ठंड और प्रदूषण से इंदौर में वायरल बीमारियों का प्रकोप, जिला अस्पताल में मरीजों की लाइनें

**इंदौर •** बदलते मौसम और बढ़ते प्रदूषण के कारण वायरल बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। एमवायएच और जिला अस्पताल सहित शहर के अन्य अस्पतालों की ओपीडी डेढ़ गुना तक बढ़ गई है। शहर में मौसम के लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों ने लोगों को घेर लिया है। तबीयत बिगड़ने पर लोग सीधे अस्पतालों का रुख कर रहे हैं, जिसके चलते अस्पतालों की ओपीडी में लगभग डेढ़ गुना की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस सप्ताह एमवायएच, जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में पहुंचने वाले मरीजों में वायरल का प्रकोप स्पष्ट दिखा, जिससे बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। कई मरीजों को भर्ती करने की नौबत भी आ रही है।

# अहिल्या माता गोशाला पर गोपाष्टमी 30 को गो भक्त घरों से लेकर आएंगे लड्डू गोपाल

**इंदौर • दैनिक इंदौर संकेत**


केशरबाग रोड़ स्थित प्राचीन अहिल्या माता गौशाला पर गुरुवार, 30 अक्टूबर को सुबह 7.30 से दोपहर 2 बजे तक गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गोमाता पूजन, गो-गोपाल मिलन, गोमाता के अन्नकूट सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर गोशाला आने वाले गो भक्तों को गोशाला में ही उपजे आंवला का निशुल्क वितरण भी किया जाएगा और आधुनिक मशीन से आभा मंडल टेस्टिग सहित गर्भवती माताओं के गर्भस्थ शिशु में श्रेष्ठ संस्कारों के लिए विशेषज्ञ वैद्यों द्वारा गर्भ संस्कार जैसे कार्यक्रम भी होंगे। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालु अपने साथ घर के लड्डू गोपाल को लेकर गोशाला आएंगे और गो माता से मिलन एवं परिक्रमा का पुण्य लाभ उठाएंगे।

गोशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुरूजी, मंत्री पुष्पेन्द्र धनोतिया एवं संयोजक सी.के. अग्रवाल ने बताया कि गोपाष्टमी पर आधुनिक मशीन से ओरा टेस्टिंग, गर्भ संस्कार, बच्चों के लिए मिट्टी के बर्तन बनाने की कार्यशाला तथा प्राचीन कांसा चिकित्सा पद्धाति द्वारा असाध्य रोगों के उपचार और गोशाला स्थित सप्त गोमाता मंदिर में गोमाता की जीवंत झांकी, तर्पण-अर्पण के लिए चमत्कारिक त्रिवेणी वृक्ष, श्रेष्ठ गुणवत्ता की जैविक खाद, जीव दया की सेवा के लिए पक्षी तीर्थ, गोमाता से जुड़े विशेष पर्वों पर पूजा एवं गोदान के लिए



पूजन सामग्री एवं पंडित की निशुल्क व्यवस्था, आयुर्वेद चिकित्सकों के सानिध्य में गर्भधारण परामर्श एवं कार्यशाला सहित विभिन्न आयोजन भी होंगे। पूजन के लिए समुचित सामग्री की सम्पूर्ण व्यवस्था गोशाला में निशुल्क उपलब्ध रहेगी।

उन्होंने बताया कि गोपाष्टमी पर आम गो भक्तों के लिए गोशाला आने पर पूजन सामग्री एवं विद्वान पंडितों की निशुल्क व्यवस्था रहेगी। सबसे बड़ा आकर्षण तो यह होगा कि अपने घर की पूजा में विराजमान लड्डू गोपाल को साथ लाकर गोमाता से मिलन एवं परिक्रमा करा सकेंगे। गो भक्तों से यह आग्रह भी किया गया है कि वे गो माता की नित्य उपयोग में आने वाली खाद्य वस्तुओं को गोशाला लाकर अन्नकूट जैसा उत्सव भी मनाएं। गोशाला प्रांगण में इस उत्सव के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। गोपाष्टमी का पर्व भगवान कृष्ण और गायों को समर्पित है। इस दिन गोमाता के साथ भगवान कृष्ण और राधाजी की भी पूजा की जाती है। यह परंपरा द्वापर युग से चली आ रही है। इंदौर में अहिल्यामाता गो शाला पर पिछले कई वर्षों से गोपाष्टमी पर विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।



### दहेज की भेंट चढ़ी एक और नवविवाहिता सुसाइड से पहले मां को भेजा वीडियो


**इंदौर • दैनिक इंदौर संकेत**

रायपुर में एक नव विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर गुरुवार को सुसाइड कर लिया। पीड़िता ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाया और फिर खुदकुशी कर ली। मृतका की एक साल पहले शादी हुई थी, जिसके बाद से मृतका ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगा रही थी। सुसाइड से पहले मां के लिए बनाए एक वीडियो संदेश में नवविवाहिता ने रो-रोकर मां को ससुराल पक्ष की प्रताड़ना का जिक्र कर रही है। रिकॉर्डेड वीडियो में मृतका पति, सास और देवर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगा रही है। मृतका की पहचान मंजूषा गोस्वामी के रूप में हुई है। गौरतलब है आत्महत्या के पहले बनाए वीडियो में मृतका मंजूषा गोस्वामी ने मां को बताया कि उसके पति, सास और दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। मृतका ने बताया कि उसके साथ कई बार मारपीट की गई है, जिससे वह तंग आ चुकी है। मृतका के मुताबिक दो महीने पहले उसके पिता ने ससुराल पक्ष को पचास हज़ार रुपए दिए हैं। मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है। फांसी लगाकर खुदकुशी करने वाली 26 वर्षीय मंजूषा गोस्वामी द्वारा रिकार्ड किए गए वीडियो में उसने अपने पति और ससुर पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि मंजूषा गोस्वामी और उसके पति के बीचटीवी बंद करने और रिमोट छीनने को लेकर विवाद शुरू हुआ था।

# आज से शुरू होगी सोयाबीन की खरीदी

**इंदौर • दैनिक इंदौर संकेत**

मध्य प्रदेश के किसान अब खरीफ फसलों कटाई के लिए तैयार हैं. यहां हर साल बड़े पैमाने पर तिलहन फसल सोयाबीन की खेती की जाती है. पिछले साल बंपर उत्पादन के चलते मध्य प्रदेश देश में सोयाबीन उत्पादन में पहले नंबर पर आया था। वहीं, इस साल एक बार फिर अच्छे उत्पादन की उम्मीद है। इस बीच, राज्य सरकार ने प्रदेश में सोयाबीन की खरीद पर भावांतर भुगतान योजना लागू कर दी है। इस योजना के तहत किसानों को पहले रजिस्ट्रेशन कराना होगा। किसान सामान्य रूप से मंडियों में अपनी उपज बेचेंगे। अगर किसानों को मार्केटिंग सीजन के लिए घोषित एमएसपी से कम कीमत मिलती है तो घाटे की राशि



कलेक्टर शिवम वर्मा ने लक्ष्मीबाई नगर मंडी पहुंचकर भावनातर योजना के तहत खरीदी कार्य की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

का भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, प्रदेश में आज 3 अक्टूबर से भावांतर योजना के तहत रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं, जो 17 अक्टूबर तक चलेंगे। इसके बाद 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी तक 2026 तक मंडियों में खरीद की प्रक्रिया चलेगी, जिस पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले किसानों को कम कीमत मिलने पर भावांतर का लाभ दिया जाएगा। इससे पहले बुधवार को मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कृषि विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भावांतर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और 2 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान में शासकीय कार्यालयों के कबाड़ का निपटान किया जाए।

## सतत् विकास लक्ष्य एसडीजी मूल्यांकन योजना का अनुमोदन

**इंदौर • दैनिक इंदौर संकेत**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक गुरूवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए सहकारी बैंकों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कृषकों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना को निरंतर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। खरीफ 2025 सीजन की ड्यू डेट 28 मार्च, 2026 और रबी 2025-26 सीजन की ड्यू डेट 15 जून 2026 नियत की गयी है। योजनान्तर्गत खरीफ एवं रबी सीजन की निर्धारित तिथि (ड्यू डेट) तक ऋण की अदायगी करने वाले किसानों से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) द्वारा 3 लाख रूपये तक के दिये गये अल्पावधि फसल ऋण पर कोई ब्याज नहीं लिया जायेगा। राज्य शासन द्वारा सभी किसानों के लिए 1.5 प्रतिशत सामान्य ब्याज अनुदान और निर्धारित ड्यू डेट तक ऋण की अदायगी करने वाले किसानों को 4 प्रतिशत प्रोत्साहन स्वरूप अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जायेगा। वर्तमान वर्ष में 23 हजार करोड़ रूपये वितरण का लक्ष्य रखा गया हैं।

मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में सतत् विकास लक्ष्यों के क्रियान्वयन के लिए एसडीजी (सतत् विकास लक्ष्य) मूल्यांकन योजना को आगामी 5 वर्षों (वर्ष 2025-30 तक) के लिए स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है। योजना अंतर्गत सतत् विकास के लक्ष्यों का राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर स्थानीयकरण, क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाएगा।

### जल्द ही कॉरिडोर तोडऩे का काम शुरू करने का दावा गलत

# बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने को लेकर अभी भी नहीं कोई निर्णय

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

नगर निगम द्वारा अब तक बीआरटीएस कॉरिडोर को तोडऩे का वर्कआर्डर जारी नहीं किया गया है। ऐसे में बार-बार बीआरटीएस कारिडोर तोडऩे का काम बस शुरू होने वाला है, ऐसी बात करते हुए जनता को गफलत में रखा जा रहा है।

नगर निगम में कामकाज की गति कितनी धीमी है, वह बीआरटीएस कॉरिडोर को तोडऩे के मामले को देखने से ही समझ में आ जाता है। वैसे तो शहर में कई सडकें ऐसी हैं, जिनका निर्माण करने के लिए भूमिपूजन किए हुए महीनों बीत गए, लेकिन अब तक सडक़ का निर्माण शुरू नहीं हो सका। जिस तरह की स्थिति निर्माण कार्य करने में है, उसी तरह की स्थिति निर्माण को तोडऩे में भी है। राज्य सरकार द्वारा



तो फरवरी के महीने में इंदौर के बीआरटीएस कॉरिडोर को तोडऩे का फैसला लिया गया था। उसके बाद में इस फैसले पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा भी मोहर लगा दी गई थी। फिर नगर निगम द्वारा तीन बार टेंडर जारी किए गए, लेकिन इस काम को करने के लिए कोई ठेकेदार नहीं आया। जब नगर निगम ने चौथी बार टेंडर जारी किया तो एक फर्म इस काम को करने के लिए आ गई। इस टेंडर में तोडफ़ोड़ करने वाली फर्म को नगर निगम को कुछ पैसा नहीं देना है। तोडफ़ोड़ में से निकलने वाले मलबे और लोहा-लंगर की मालिक यह फर्म ही होगी। ऐसी स्थिति में इस फर्म द्वारा ही नगर निगम को पैसा दिया जाएगा।

पिछले कुछ दिनों से लगातार नगर निगम के पदाधिकारियों की ओर से यह दावा किया जा रहा है कि बस बीआरटीएस तोडऩे का काम शुरू होने वाला है। फिर कहा गया कि हम चाहते हैं कि बीआरटीएस तोड़ा जाए तो उसके साथ में नया रोड डिवाइडर बनाने का काम भी हो जाए, ताकि इस स्थान पर किसी तरह की दुर्घटना की स्थिति नहीं बन सके। इन सारे दावों के बीच में कल ही यह जानकारी सामने आई कि नगर निगम द्वारा ठेकेदार एजेंसी को अब तक वर्कआर्डर ही जारी नहीं किया गया है। इस मामले के प्रभारी अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि महापौर परिषद की बैठक में इस टेंडर को मंजूर करने का फैसला लिया गया था। इसके बाद में इस बारे में तैयार किए गए संकल्प पर महापौर के हस्ताक्षर होकर भी आ गए हैं। अभी यह फाइल निगम आयुक्त के पास गई हुई है। वहां से जब फाइल आएगी तो उसके बाद में ठेकेदार एजेंसी के नाम पर वर्कआर्डर जारी किया जाएगा। उसके साथ ही इस एजेंसी को काम चालू करने के बारे में चर्चा करने के लिए बुलाया जाएगा। यह एक ऐसा काम हो गया है, जो कि निगम की प्राथमिकता में नहीं आ पा रहा है।

## सम्पादकीय

### रोहिणी में 'सिग्मा' का खात्मा, पर सवाल बाकी - अगला गिरोह कौन होगा? क्या बिहार में खत्म होगी अपराध की राजनीति?

बिहार पुलिस ने यह जानकारी साझा की थी कि एक फोन काल में इस गिरोह का सरगना अपने साथियों से बिहार में चुनाव से पहले दहशत फैलाने की बात कर रहा था। दिल्ली के रोहिणी इलाके में एक मुठभेड़ के दौरान पुलिस के हाथों चार वांछित अपराधियों के मारे जाने की घटना कानून-व्यवस्था और आपराधिक तत्त्वों पर काबू पाने के लिहाज से पुलिस की बड़ी उपलब्धि है। मगर इस मुठभेड़ की अहमियत इसलिए ज्यादा है कि मारे गए अपराधियों की मंशा बिहार में विधानसभा चुनावों के दौरान किसी बड़ी हिंसक वारदात के जरिए दहशत फैलाने की थी! 'सिग्मा गिरोह' के नाम से कुख्यात अपराधियों का जबरन वसूली से लेकर भयादोहन और हत्या जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देने का एक बड़ा जाल था और लंबे समय से पुलिस को उनकी तलाश थी। इसी क्रम में बिहार के सीतामढ़ी जिले की पुलिस की सूचना और दिल्ली पुलिस के साथ एक सुनियोजित अभियान के साथ रोहिणी इलाके में कार में जा रहे इन अपराधियों को रोका गया। लेकिन जब अपराधियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, तब पुलिस ने भी जवाब दिया। माना जा रहा है कि पुलिस की इस कामयाबी के साथ बिहार के अपराध जगत में वर्चस्व कायम करने के लिए आतंक का माहौल खड़ा करने वाले 'सिग्मा गिरोह' का खात्मा हो गया है, लेकिन इससे जुड़ा एक प्रश्न गंभीर है और इसका दायरा काफी बड़ा है। दरअसल, इस संबंध में आई खबरों के मुताबिक, बिहार पुलिस ने यह जानकारी साझा की थी कि एक फोन काल में इस गिरोह का सरगना अपने साथियों से बिहार में चुनाव से पहले दहशत फैलाने की बात कर रहा था। यह एक ऐसा पहलू था, जो समूचे बिहार के चुनाव को बुरी तरह प्रभावित कर सकता था। इसलिए बिहार पुलिस ने अगर इस आधार पर बिना देर किए सक्रियता दिखाई और दिल्ली पुलिस से तालमेल कर इस अभियान को कामयाब बनाया तो निश्चित रूप से यह बड़ी उपलब्धि है। बिहार में चुनाव और अपराध का इतिहास जगजाहिर रहा है। अमूमन हर चुनाव के दौरान कुछ नेताओं की ओर से अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देने के लिए हर तरह के हथकंडे का सहारा लेने के किस्से आम रहे हैं, जिसमें किसी अपराधी को सुपारी देकर दहशत फैलाने से लेकर हत्या या इसके लिए कोशिशें तक शामिल थीं। इसका नतीजा यह होता था कि एक ओर कोई उम्मीदवार अपने कदम पीछे खींच लेता था, तो दूसरी ओर मतदाताओं के बीच भी भय का माहौल व्याप्त हो जाता था। इसका सीधा असर चुनाव, मतदान की प्रक्रिया और नतीजों पर पड़ता था।

# हर कॉल के बाद झूठा दावा करने वाले ट्रंप से क्या मोदी को आसियान सम्मेलन में मिलना चाहिए?

**मंगलवार रात को ट्रंप ने दिवाली समारोह का आयोजन किया था जिसमें अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा और कई प्रमुख भारतीय मूल के व्यापारिक नेता शामिल हुए। समारोह में अपने संबोधन में ट्रंप ने फिर से अपना यह दावा दोहराया कि भारत, रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ऐसा बयान दिया है जिसने न केवल कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, बल्कि यह भी दिखाया है कि वाशिंगटन की राजनीति में भारत का उल्लेख प्रायः घरेलू उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दीपावली समारोह के दौरान दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भारत रूस से बहुत अधिक तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने कहा, मोदी ने बताया है कि भारत अब रूस से बहुत ज्यादा तेल नहीं खरीदेगा। वे भी चाहते हैं कि यूक्रेन युद्ध समाप्त हो। वहीं बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप आपके फोन करने और दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए धन्यवाद। रोशनी के इस पर्व पर दोनों महान लोकतंत्र दुनिया को आशा की किरण दिखाते रहें और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ एकजुट रहें।''

गौर करने वाली बात यह है कि मोदी और ट्रंप के बीच 16 सितंबर के बाद से फोन पर हुई यह तीसरी बातचीत है जिसकी सार्वजनिक रूप से जानकारी दी गयी है। सार्वजनिक जानकारी में जहां प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी कोई बात नहीं कही है जिससे यह प्रदर्शित होता हो कि रूसी तेल को लेकर दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत हुई तो वहीं ट्रंप ने अपने बयान में रूसी तेल खरीद को लेकर फिर से अपना पुराना दावा दोहरा दिया है। हम आपको बता दें कि मंगलवार रात को ट्रंप ने दिवाली समारोह का आयोजन किया था जिसमें अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा और कई प्रमुख भारतीय मूल के व्यापारिक नेता शामिल हुए। समारोह में अपने संबोधन में ट्रंप ने फिर से अपना यह दावा दोहराया कि भारत, रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। देखा जाये तो यह दावा न तो भारत सरकार की किसी आधिकारिक घोषणा में परिलक्षित होता है और न ही वैश्विक तेल बाजार के आँकड़े इसे पुष्ट करते हैं। तेल व्यापार जगत के विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की रूसी तेल खरीद में कोई विशेष कमी नहीं आई है; अधिकांश सौदे पहले से तय अनुबंधों के अंतर्गत चल रहे हैं।

देखा जाये तो ट्रंप के इस वक्तव्य के दो प्रमुख पहलू हैं- पहला, यह कि वह आश्वासन का दावा कर रहे हैं, जबकि भारत ने ऐसा कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है। दूसरा, ट्रंप ने खुद अपने पहले के दावे को थोड़ा नरम करते हुए कहा कि भारत पूरी तरह नहीं, काफी कम तेल खरीदेगा। यह बदलाव संकेत देता है कि या तो उन्हें पहले गलत जानकारी दी गई थी, या वे जानबूझकर ऐसी बातें करते हैं जो घरेलू राजनीतिक संदेशों के लिए उपयोगी हों। दूसरी ओर, भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि उसकी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हित से संचालित होती है और जब तक पश्चिमी प्रतिबंध भारत पर लागू नहीं हैं, वह सस्ते रूसी कच्चे तेल का आयात जारी रखेगा। ऐसे में ट्रंप के बयान का कोई तथ्यात्मक आधार नहीं दिखता।

वैसे यह पहली बार नहीं है जब डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत का हवाला देते हुए भ्रामक या अतिशयोक्तिपूर्ण दावा किया हो। ट्रंप की राजनीति में सुपर डीलमेकर की छवि बनाये रखना आवश्यक है। वह हर अंतरराष्ट्रीय फोन कॉल को एक बड़ी डील के रूप में प्रस्तुत करते हैं ताकि अमेरिकी मतदाताओं को लगे कि वह विश्व मंच पर अमेरिका फर्स्ट नीति को सफल बना रहे हैं। भारत जैसे बड़े लोकतंत्र के साथ मित्रवत संबंध उनके लिए प्रचार का सबसे आसान माध्यम है- क्योंकि यहां का प्रवासी भारतीय समुदाय अमेरिकी चुनावी परिदृश्य में एक प्रभावशाली वर्ग बन चुका है।

उधर, प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह स्थिति नाजुक है। भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक संबंध गहरे हो रहे हैं- क्वॉड, इंडो-पैसिफिक और तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में दोनों देश निकटता बढ़ा रहे हैं। लेकिन जब अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार ऐसे फर्ज़ी या अधूरे दावे करते हैं जो भारत की संप्रभु नीति पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं, तो दिल्ली की प्रतिक्रिया केवल शालीन मौन तक सीमित नहीं रह सकती। भारत का विदेश मंत्रालय अब तक ट्रंप के बयानों पर नो कमेंट नीति अपनाता आया है, किंतु इससे यह जोखिम रहता है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अमेरिकी दावा धीरे-धीरे स्वीकार्य धारणा बन सकता है। इसीलिए, भारत को स्पष्ट रूप से यह संकेत देना चाहिए कि ऊर्जा नीति या रूस से व्यापार जैसे निर्णय किसी बाहरी दबाव के अधीन नहीं लिए जाते।

अब सवाल उठता है कि क्या ट्रंप के ऐसे भ्रामक दावों के बीच मोदी का उनसे मिलना ठीक रहेगा? हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की संभावित भेंट अगले सप्ताह मलेशिया में होने वाले आसियान सम्मेलन के दौरान हो सकती है। यह बैठक औपचारिक रूप से तय नहीं है, किंतु अगर होती है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या मोदी को ऐसे नेता से मिलना चाहिए जो हर बार बातचीत को घरेलू प्रचार का हथियार बना देता है?

देखा जाये तो कूटनीति में संबंध बनाए रखना और गरिमा बचाए रखना दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। भारत अमेरिका से संबंध तोड़ नहीं सकता- लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि वह किसी भी मंच पर अपनी नीति को सहभागी की तरह प्रस्तुत करे, उपसंहारक की तरह नहीं। मोदी सरकार को इस भेंट को औपचारिक संवाद के स्तर तक सीमित रखना चाहिए और किसी भी संयुक्त बयान में ऐसे शब्दों से बचना चाहिए जिन्हें ट्रंप बाद में अपने राजनीतिक लाभ के लिए तोड़-मरोड़ सकें।

इसमें कोई दो राय नहीं कि डोनाल्ड ट्रंप की शैली त्वरित, आत्म-केन्द्रित और प्रचारमुखी है। वह हर वार्ता को शो में बदल देते हैं। भारत जैसे परिपक्व लोकतंत्र के लिए ऐसे प्रदर्शनों में भागीदार बनना न तो आवश्यक है, न लाभकारी। भारत को अपने हित में, अपने स्वर में और अपने तथ्यों के आधार पर बोलना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति के दीपावली डिप्लोमेसी में शामिल होना तो ठीक है, पर उनके फर्जी तेल-सत्य के खेल में नहीं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर सबसे बड़ी शक्ति वही होती है जो अपने शब्दों पर टिकी रह सके और भारत को यही दिखाना होगा कि उसकी नीतियाँ किसी ट्रंप टेलीफोन कॉल से नहीं, बल्कि उसकी अपनी ऊर्जा, रणनीति और आत्मविश्वास से संचालित होती हैं।

**-नीरज कुमार दुबे**

## आंचलिक

# आंदोलन करेंगे एलपीजी वितरक, काली पट्टी बांध देंगे ज्ञापन

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**

उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से एलपीजी सिलेंडर और अन्य सेवाएं उपलब्ध कराने के बाद अब जिले के एलपीजी वितरक आर्थिक और व्यावसायिक समस्याओं को लेकर आंदोलन के रास्ते पर उतर आए हैं। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने 24 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन अध्यक्ष विवेक पाटीदार, सचिव रितेश रोकड़े ने बताया कि लंबे समय से आर्थिक और व्यवसायिक समस्याओं से जूझ रहे वितरकों की शासन व कंपनी स्तर पर मांगों का निराकरण नहीं होने से चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की जा रही है। हमारी मांग है कि एलपीजी वितरकों के सेवा शुल्क और होम डिलेवरी प्रभार में वृद्धि की जाए। सेवा शुल्क में बढ़ोतरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। सहसचिव सुरेश पाटिल, उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल ने बताया आंदोलन के तहत शुक्रवार को सभी वितरक व कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्यस्थल पर सेवाएं देंगे। इसके साथ ही दोपहर में जिलेभर के वितरक मुख्यालय पर एकत्रित होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे, यहां पेट्रोलियम मंत्रालय सचिव के नाम लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांगें नहीं मानी जाती है तो आंदोलन के दूसरे चरण में 29 अक्टूबर को शाम 7 बजे सभी वितरण जिला मुख्यालय पर मशाल व मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद आंदोलन के तीसरे चरण में न पैसा जमा करेंगे न इंडेंट करेंगे। इसके बाद भी एलपीजी वितरकों के सेवा शुल्क व होम डिलेवरी प्रभार में वृद्धि नहीं की जाती है तो अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु की जाएगी। इस दौरान ग्राहकों को होने वाली असुविधा के लिए कंपनी और सरकार जिम्मेदार होगी।

# खरगोन में 3.79 लाख हेक्टेयर में रबी बुआई का लक्ष्य, गेहूं का रकबा घटेगा, चने की बुआई 500 हेक्टेयर बढ़ेगी

**खरगौन • दैनिक इंदौर संकेत**

जिले में रबी सीजन की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। कृषि विभाग ने इस बार जिले में 3 लाख 79 हजार 330 हेक्टेयर में रबी फसलों की बुआई का लक्ष्य तय किया है। किसान खरीफ सीजन की फसलें कटने के बाद अब खेतों की जुताई और बुआई की तैयारी में जुट गए हैं।

### चने की फसल का भी रकबा बढ़ेगा

विभागीय जानकारी के अनुसार, इस वर्ष चने की खेती का रकबा 500 हेक्टेयर बढ़ेगा, जबकि गेहूं का रकबा लगभग ढाई हजार हेक्टेयर घटने का अनुमान है। इस सीजन में 1 लाख 65 हजार हेक्टेयर में चने की बुआई का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले साल की तुलना में अधिक है। वहीं, पिछले रबी सीजन में गेहूं की बुआई 1 लाख 67 हजार 500 हेक्टेयर में की गई थी, जो इस बार कुछ कम रहने की संभावना है।

गेहूं और चने के अलावा गन्ना, मटर, मसूर और सरसों जैसी अन्य फसलों के क्षेत्रफल में भी हल्की वृद्धि दर्ज की गई है। कृषि विभाग का कहना है कि किसानों को इन फसलों के लिए समय पर बीज और उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि बुआई में किसी तरह की दिक्कत न आए।इस बार खरीफ सीजन में खराब मौसम और अतिवृष्टि के कारण सोयाबीन की फसल चौपट हो गई, जबकि कपास की फसल भी समय से पहले खत्म हो रही है। ऐसे में किसान अब रबी सीजन से बेहतर उत्पादन और मुनाफे की उम्मीद लगाए बैठे हैं। विभाग का मानना है कि मौसम सामान्य रहा तो इस बार जिले में रबी फसलों की अच्छी पैदावार हो सकती है।

# ओंकारेश्वर में अनियंत्रित बस होटल में घुसी, 12 से ज्यादा यात्री घायल

**खंडवा • दैनिक इंदौर संकेत**



ओंकारेश्वर में गुरुवार दोपहर अनियंत्रित बस एक होटल में जा घुसी। हादसे में बस में सवार करीब एक दर्जन यात्रियों को मामूली चोटें आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सनावद के अस्पताल में भर्ती किया गया। मांधाता पुलिस के अनुसार हादसा गुरुवार दोपहर के समय ओंकारेश्वर रोड पर शिवकोठी के पास हुआ। एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सीधे एक होटल में जा घुसी। इस हादसे में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सनावद अस्पताल ले जाया गया। मांधाता पुलिस के अनुसार हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, सभी घायलों को मामूली चोंटें आई हैं। बस की टक्कर से होटल की दीवार टूट गई। वहीं बस का अगला हिस्सा भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# नेपानगर में आंदोलन की तैयारी में रिटायर कर्मचारी वन भूमि को राजस्व भूमि में बदलने की मांग

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**



नेपानगर में वन भूमि को राजस्व भूमि में बदलने की पुरानी मांग को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी आवास संगठन एक बार फिर सक्रिय हो गया है। संगठन ने 24 अक्टूबर को एक बड़ी रैली निकालने की घोषणा की है। इस रैली के माध्यम से 1665 एकड़ वन भूमि के हस्तांतरण की मांग उठाई जाएगी, जिसका सीधा संबंध नेपानगर के विकास से है। सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन के सचिव राजाराम पटेल ने बताया कि रैली शुक्रवार, 24 अक्टूबर को सुबह 8 बजे नेपा मिल गेट पर एकत्रित होकर शुरू होगी। यह रैली नेपा मिल गेट से निकलकर मिल के एडमिन ऑफिस पहुंचेगी।एडमिन ऑफिस में सीएमडी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद सभी अंबेडकर चौराहा पहुंचेंगे, जहां एसडीएम भागीरथ वाखला और एसडीओ फॉरेस्ट विक्रम सुलिया को भी ज्ञापन दिया जाएगा। सांसद और विधायक को भी इस संबंध में ज्ञापन भेजा जाएगा। संगठन के अनुसार, यह मांग नेपानगर के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 1665 एकड़ वन भूमि को राजस्व भूमि में स्थानांतरित करने से आमजन को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सकेगा, जो वर्तमान में वन भूमि होने के कारण संभव नहीं है।

# गैस सिलेंडर से भरा ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला



**बेड़िया • दैनिक इंदौर संकेत**

ग्राम रोडिया के नदी किनारे गैस सिलेंडर से भरा ट्रक (एमपी10एच-7007) पलट गया। यह घटना मंगलवार-बुधवार की रात करीब 10.30 बजे हुई। यह ट्रक गोगावां की गैस एजेंसी का बताया जा रहा है। हादसे में ट्रक चालक को मामूली चोटें आई। ग्रामीणों की मदद से चालक को निकाला गया। ट्रक में करीब 600 गैस सिलेंडर भरे हुए थे। ग्रामीणों ने कहा यदि आग लग जाती तो बड़ा हादसा हो जाता। बुधवार सुबह 6 बजे सिलेंडर को दूसरे वाहनों से भरकर ले जाया गया। ग्रामीणों ने बताया हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया।

# केला फसल बीमा और एमएसपी लागू करने की मांग तेज, बुरहानपुर में किसानों का प्रदर्शन

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**



बुरहानपुर में किसानों ने फसल बीमा और न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क़) की मांग को लेकर गुरुवार को अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान सड़कों पर उतरे और रैली निकाली। कांग्रेस नेताओं ने भी इस आंदोलन का समर्थन करते हुए अर्धनग्न रैली में हिस्सा लिया। दोपहर में सभी सिंधी बस्ती में जमा हुए और विरोध प्रदर्शन किया। कलेक्टर कार्यालय के अंदर घुसने के दौरान पुलिस से झड़प हो गई। जमकर हुई धक्कामुक्की में कलेक्टर कार्यालय के प्रवेश द्वार के कांच फूट गए। सीएसपी गौरव पाटिल ने किसी भी अधिकारी, कर्मचारी को चोट आने से इनकार कर दिया।यह विरोध प्रदर्शन खकनार के किसान किशोर वासनकर से प्रेरित है, जिन्होंने केले की फसल के सही दाम न मिलने और बीमा न होने से नाराज होकर शर्ट व चप्पल पहनना छोड़ दिया था। वह पिछले कुछ दिनों से अर्धनग्न ही रह रहे हैं, और जिले के किसानों का उन्हें व्यापक समर्थन मिल रहा है। केला फसल की मांग के लिए प्रदर्शन-गुरुवार को भारतीय किसान संघ के साथ यह आंदोलन बैरियर फाटे पर शुरू हुआ, जहां से बड़ी संख्या में किसान दोपहर एक बजे बुरहानपुर पहुंचे। इससे पहले, बुधवार शाम को किसानों ने कलेक्टर हर्ष सिंह से मुलाकात कर उन्हें आंदोलन की जानकारी दी थी।

# बुरहानपुर में बीकॉम छात्र ने नदी में छलांग लगाई:बाइक और मोबाइल बरामद

**बुरहानपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

बुरहानपुर में एक बीकॉम छात्र ने नदी में छलांग लगा दी। यह घटना शिकारपुर थाना क्षेत्र की है। युवक की पहचान गणेश प्रजापति के रूप में हुई है, जिसकी तलाश में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, हतनूर पुलिया पर छात्र की बाइक और मोबाइल फोन मिला है। यह घटना बुधवार रात करीब 9 बजे के बाद की बताई जा रही है।सूचना मिलते ही शिकारपुर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। गुरुवार सुबह से नदी में गोताखोरों की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एसडीआरएफ की मदद से यह अभियान शाम 5 बजे तक जारी रहा, लेकिन दिनभर की तलाश के बाद भी युवक का कोई पता नहीं चल पाया है।घटनास्थल पर काफी संख्या में लोग जमा रहे। पुलिस ने बताया कि युवक के नदी में कूदने की परिस्थितियां अभी स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस का कहना है कि गणेश प्रजापति के मिलने के बाद ही आगे की स्थिति साफ हो पाएगी।

# रोहित ने दूसरे एकदिवसीय में बनाया रिकार्ड



**एडीलेड(एजेंसी)** • रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां दूसरे एकदिवसीय मैच में अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान ही एक नया रिकार्ड बना दिया। रोहित इस मैच में दो रन बनाते ही ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ उसी की धरती पर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1000 रनों से अधिक बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बने हैं। अभी तक विश्व के केवल पांच बल्लेबाज ही ऑस्ट्रेलिया में 1000 रन बना पाये हैं। रोहित ने दूसरे एकदिवसीय में जैसे ही दूसरा रन बनाया। वैसे ही उनके रन मेजबान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की धरती पर 1000 हो गए। रोहित के अलावा दो और एशियाई बल्लेबाजों श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने के नाम यहां 1000 रन हैं। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज सर विव रिचर्ड्स और डेसमंड हेन्स के नाम भी ये उपलब्धि हैं। रोहित ने एक रन बनाते ही पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के एकदिवसीय रनों को पीछे छोड़ दिया था। गांगुली ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर 9146 रन बनाए थे

## मप्र स्टेट योगा चैंपियनशिप 25 अक्टूबर से

**इंदौर • दैनिक इंदौर संकेत**
मध्यप्रदेश योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में इंदौर जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 43वी मप्र स्टेट योगा चैंपियनशिप का आयोजन 25 व 26 अक्टूबर को पंथ वैध कॉलोनी स्थित श्री समर्थ मठ संस्थान में किया जावेगा। एसोसिएशन के सचिव गुलाब सिंह चौहान ने बताया कि चैंपियनशिप का आयोजन बालक व बालिका के मिनी, सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग में किया जावेगा । उक्त चैंपियनशिप से जनवरी में आयोजित होने वाली नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भाग लेने वाली मध्यप्रदेश टीम का चयन किया जावेगा ।

# आरसीबी जा सकते हैं सैमसन



**नई दिल्ली (एजेंसी)** • आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के 2026 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) जाने की अटकलें लगायी जा रही हैं। आईपीएल 2025 सत्र में भी रॉयल्स की कप्तानी अधिकतर समय रियान पराग ने की थी और ऐसे में सैमसन का दबदबा टीम पर कम हुआ है। उनका प्रदर्शन भी कुछ खास नहीं रहा है। जिससे भी रॉयल्स से उनके रिश्ते अब पहले जैसे नहीं रहे। पिछले कुछ समय से इस प्रकार की रिपोर्ट आ रही हैं किव संजू किसी अन्य टीम में जा सकते हैं। वहीं अब सैमसन की एक एक तस्वीर सोशल मीडिया में आई है। इसमें वह आरसीबी के थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट गैब्रियल के साथ नजर आ रहे हैं। जिससे उनके आरसीबी की ओर जाने की अटकलें तेज हो गयी हैं। इस तस्वीर में गैब्रियल आरसीबी की जर्सी में हैं, जबकि सैमसन ने टीम इंडिया की ट्रेनिंग किट पहनी हुई है। ऐसे में प्रशंसकों को लग रहा है कि वे भले ही ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी कर रहे हों, लेकिन आईपीएल भी उनके दिमाग में चल रहा होगा। रॉयल्स के साथ सैमसन के संबंध पहले जैसे नहीं रहे हैं। इसके अलावा कोचिंग स्टाफ और प्रबंधन में भी बदलाव हुआ है ऐसे में सैमसन किसी और टीम से आईपीएल खेलने के प्रयास कर सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, आरआर के कप्तान सैमसन ने फ्रेंचाइजी से औपचारिक रूप से उन्हें ट्रेड करने या नीलामी में रिलीज करने की अपील की है।

# आईपीएल 2026 : साईराज बहुतुले पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच



**नई दिल्ली (एजेंसी)** • पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 सीजन से पहले पूर्व भारतीय लेग स्पिनर साईराज बहुतुले को अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। वह सुनील जोशी की जगह लेंगे, जिन्होंने 2023 से 2025 तक यह पद संभाला था। बहुतुले, जिन्हें हाल ही में राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज किया था, जहां उन्होंने यही भूमिका निभाई थी, घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपने लंबे कोड्क्षचग करियर का भरपूर अनुभव लेकर आए हैं। 51 वर्षीय बहुतुले इससे पहले बंगाल, केरल, विदर्भ और गुजरात जैसी टीमों के साथ काम कर चुके हैं और सभी प्रारूपों में युवा भारतीय गेंदबाजों को निखारने में उनके योगदान के लिए उन्हें व्यापक रूप से श्रेय दिया जाता है। बहुतुले का टीम में स्वागत करते हुए पंजाब ड्क्षकग्स के सीईओ सतीश मेनन ने कहा, 'हम सुनील जोशी को वर्षों से पंजाब के प्रति उनकी समर्पित सेवा और योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं।

## सिने जगत

# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में बिल गेट्स



**मुंबई (एजेंसी)** • स्टार प्लस के शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स नजर आ सकते हैं। स्टार प्लस का मशहूर शो, क्योंकि सास भी कभी बहू थी, अपने नए सीजन के साथ फिर से टीवी स्क्रीन पर छा गया है। मज़ेदार कहानी और अचानक होने वाले ट्विस्ट और टर्न से भरे इस शो ने अपनी खासियत को फिर से दिखा दिया है, और दर्शकों को हर एपिसोड में अपने साथ जोड़ कर रखा है। भारतीय टेलीविजन् के इतिहास के शायद सबसे अप्रत्याशित और कभी न देखे गए पलों में से एक में, क्योंकि सास भी कभी बहू थी एक ऐसा कैमियो पेश करने वाली है जिसने दर्शकों और इंडस्ट्री के लोगों को चौंका दिया है। हाल ही में जारी किए गए प्रोमो में तुलसी को अपने लैपटॉप पर किसी से वीडियो कॉल करते हुए दिखाया गया है, और उनसे मिलकर वह साफ़ तौर पर बहुत खुश हैं। हालांकि केवल आवाज़ सुनी जा रही है, इस ग्लोबल मेहमान की पहचान को लेकर उत्सुकता और अफवाहें जोरो पर हैं। क्या यह टॉम क्रूज हैं? लियोनेल मेस्सी? या विल स्मिथ? लेकिन यदि अंदर की जानकारी की माने तो, यह मिस्ट्रेस मेहमान असल में टेक टाइटन और परोपकारी, बिल गेट्स हो सकते हैं।

# फिल्म 'कांथा' की रिलीज डेट की घोषणा




**मुंबई (एजेंसी)** • फिल्म 'कांथा' की रिलीज डेट की घोषणा निर्माताओं ने की। दक्षिण की फिल्मों के अभिनेता दुलकर सलमान की यह फिल्म अब 14 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह पीरियड ड्रामा निर्देशक सेल्वमणि सेल्वराज की है, जिसमें दुलकर सलमान मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। दुलकर सलमान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, दीपावली अब और भी धमाकेदार हो गई है। कांथा 14 नवंबर से दुनिया भर के सिनेमाघरों में धूम मचाएगी। आप सभी को दीपावली की शुभकामनाएं। सिनेमाघरों में जल्द मिलते हैं। फिल्म पहले 12 सितंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे 'लोका' फिल्म के कारण टाल दिया गया। चूंकि 'लोका' सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन कर रही थी, इसलिए मेकर्स ने 'कांथा' की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी। कुछ समय पहले ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसने फैंस में उत्साह भर दिया। पहले इस फिल्म का नाम 'सांथा' था, लेकिन टीजर में नाम बदलकर 'कांथा' कर दिया गया। 'कांथा' तमिल सिनेमा के पहले सुपरस्टार एम.के. त्यागराज भगवतार के जीवन पर आधारित है।

## उज्जैन संभाग

# 27 को निकलेगी भगवान महाकाल की पहली सवारी, मंदिर का बैंड पहली बार होगा शामिल, दिवाली पर सीएम ने किया था शुभारंभ



**उज्जैन • दैनिक इंदौर संकेत**
विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर से कार्तिक और अगहन माह की पहली सवारी सोमवार 27 अक्टूबर को निकलेगी। शाम 4 बजे सभामंडप में विधिवत पूजन के बाद भगवान महाकाल मनमहेश रूप में नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस बार मंदिर प्रबंध समिति का बैंड भी सवारी का हिस्सा बनेगा। इस बैंड का शुभारंभ दिवाली पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया था।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने यह बैंड एक नवाचार के रूप में तैयार किया है। इसमें 30 सदस्य हैं और विभिन्न वाद्य यंत्रों का समावेश किया गया है। मंदिर समिति के सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने बताया कि बाबा महाकाल की पहली सवारी से ही यह बैंड शामिल किया जाएगा। बैंड सवारी के साथ भजनों की प्रस्तुति देगा।

इस सवारी में पारंपरिक रूप से पुलिस बैंड, घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल और भजन मंडली के सदस्य भी शामिल रहेंगे।ार्तिक माह की दूसरी सवारी 3 नवंबर को शाम 4 बजे निकलेगी। इसी दिन रात 11 बजे वैकुंठ चतुर्दशी पर हरिहर भेंट की सवारी निकाली जाएगी, जो केवल गोपाल मंदिर तक जाएगी। पूजन-अर्चन के बाद यह सवारी रात में ही वापस महाकाल मंदिर लौट आएगी।

### यह रहेगा मार्ग

सवारी महाकाल मंदिर से प्रारंभ होकर गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी से होती हुई रामघाट शिप्रा तट पहुंचेगी। यहां मां शिप्रा के जल से पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद सवारी रामघाट से शिप्रा किनारे, गणगौर दरवाजा, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होते हुए पुनः श्री महाकालेश्वर मंदिर लौटेगी।

### कब-कब निकलेगी सवारी

पहली सवारी: 27 अक्टूबर, शाम 4 बजे
दूसरी सवारी: 3 नवंबर, शाम 4 बजे
हरिहर भेंट सवारी: 3 नवंबर, रात 11 बजे

# विकास-आईटी, औद्योगिक विकास केंद्र, आर्थिक कॉरिडोर और पर्यटन हब के रूप में बढ़ रहा उज्जैन



**उज्जैन • दैनिक इंदौर संकेत**
उज्जैन, जो भारत की सप्त पुरियों में से एक है। अब केवल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र ही नहीं, बल्कि आईटी सिटी, औद्योगिक विकास केंद्र, आर्थिक गलियारा, पर्यटन हब और ग्रोथ इंजन के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उज्जैन प्रदेश का गौरव बनते हुए विकसित भारत 2047 की दिशा में मप्र का प्रमुख ग्रोथ इंजन सिद्ध हो रहा है। उज्जैन आज अध्यात्म, उद्योग, नवाचार और ज्ञान का संगम बन चुका है। यह जानकारी कलेक्टर रोशनकुमार सिंह ने दी। वे गुरुवार को मप्र शासन के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में और नीति आयोग के वरिष्ठ सदस्य की उपस्थिति में इंदौर आर्थिक क्षेत्र के तहत आने वाले जिलों इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम, धार, शाजापुर, खंडवा और खरगोन के कलेक्टरों की महत्वपूर्ण बैठक में बोल रहे थे।

उज्जैन कलेक्टर सिंह ने इंदौर इकोनॉमिक रीजन इनिशिएटिव में उज्जैन ग्रोथ हब के रूप में विषय पर विस्तृत प्रजेंटेशन देते हुए कहा कि सिंहस्थ-2028 की तैयारियां ग्रोथ की दिशा में बड़ा अवसर है। इसके तहत सड़क, पुल, रिवरफ्रंट, आवास, स्वच्छता, पर्यटन और परिवहन सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है। आगामी वर्षों में उज्जैन को वेलनेस और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे सेवा क्षेत्र में हजारों नए रोजगार अवसर सृजित होंगे।

### 10 काम जो भविष्य के विकास में बनेंगे सहायक

**1. हवाई अड्डा** : पर्यटन, व्यापार और संपर्क बढ़ाने के लिए एक क्षेत्रीय हवाई अड्डा विकसित करें। **2. स्वास्थ्य और पर्यटक अनुभव पारिस्थितिकी तंत्र** : एक एकीकृत आध्यात्मिक, स्वास्थ्य और विरासत पर्यटन मॉडल बनाएं। **3. विक्रम उद्योगपुरी चरण-2** : उच्च तकनीक वाले उद्योगों को आकर्षित करने के लिए औद्योगिक बुनियादी ढांचे का विस्तार करें।
**4. बंदरगाहों के साथ सीधा और तेज संपर्क** : व्यापार वृद्धि के लिए प्रमुख बंदरगाहों से निर्बाध रसद संपर्क बनाएं। **5. आईसीडी (अंतर्देशीय कंटेनर डिपो)** : कुशल निर्यात-आयात संचालन की सुविधा के लिए एक आईसीडी स्थापित करें। **6. एमएमएलपी (मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क)** : सड़क, रेल और हवाई संपर्क को एकीकृत करते हुए एक लॉजिस्टिक्स हब बनाएं। **7. मेडिसिटी** : एक विश्व स्तरीय चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करें। **8. अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय** : शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक-मानक संस्थान शुरू करें। **9. कौशल विकास के लिए उत्कृष्टता केंद्र** : उन्नत कौशल विकास के लिए एक केंद्र स्थापित करना।
**10. नवाचार और प्रौद्योगिकी-आधारित अर्थव्यवस्था** : भविष्य के लिए तैयार, तकनीक-संचालित अर्थव्यवस्था के लिए स्टार्टअप और अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना।

# हत्या के आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस, 7 आरोपी गिरफ्त में

**उज्जैन • दैनिक इंदौर संकेत**
उज्जैन में दिवाली की रात तेलीवाड़ा मार्ग पर हुई हत्या के आरोपियों का पुलिस ने बीती रात जुलूस निकाला। हथकड़ी में बंधे सभी आरोपी उसी स्थान पर लाए गए, जहां उन्होंने वारदात को अंजाम दिया था। सोमवार रात बाइक से मामूली कट लगने के बाद कहासुनी में संदीप राठौर नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने वारदात के 24 घंटे में सात आरोपियों (उमंग घावरी, उदय, आकाश मालवीय, आर्यन, आकाश माली सहित दो अन्य) को गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार रात पुलिस ने पूरी गैंग का जुलूस निकाला।

### आपराधिक गैंग से जुड़े हैं आरोपी

कोतवाली सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के सोशल मीडिया अकाउंट की जांच की, जिसमें पाया गया कि सभी आरोपी एक सोशल मीडिया आपराधिक गैंग से जुड़े थे। ये लोग सोशल मीडिया पर गैंग से जुड़ी आपराधिक पोस्ट डालते थे और रात में झुंड बनाकर बाइकों पर निकलते थे। संदीप की हत्या भी इसी प्रवृत्ति के



चलते हुई।

### 22 अन्य लोगों की पहचान हुई

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि अब तक सोशल मीडिया पर सक्रिय ऐसे 22 अन्य लोगों की पहचान हुई है, जो इस गैंग से जुड़े हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपियों को गुरुवार शाम को कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगा जाएगा। सोशल मीडिया पर अपराधी छवि बनाने वाले युवाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि

# बीजेपी प्रदेश टीम घोषित, सीएम के करीबी जाटवा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी

**उज्जैन • दैनिक इंदौर संकेत**
भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपनी टीम में उज्जैन के प्रभुलाल जाटवा को भी उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। जाटवा सीएम डॉ. मोहन यादव के करीबी माने जाते हैं। ज्ञात हो यूडीए में अध्यक्ष रहे डॉ. यादव के साथ जाटवा उपाध्यक्ष रहे हैं। प्रदेश टीम के पदाधिकारियों की घोषणा के बाद अब बाकी के नेताओं को प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में एडजस्ट होने की उम्मीद है। कार्यकारिणी 100 से अधिक लोगों की बनने की उम्मीद है। इसके लिए दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई हैं। साथ ही बचे हुए मोर्चा के अध्यक्ष व पदाधिकारी के पदों के लिए भी कई नेता प्रयासरत माने जा रहे हैं। इनमें उज्जैन से मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष इकबालसिंह गांधी, जगदीश अग्रवाल, विवेक जोशी, ओम जैन, अमित श्रीवास्तव, सत्यनारायण खोईवाल, धनंजय शर्मा, सचिन सक्सेना आदि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, मोर्चा अध्यक्ष व पदाधिकारी की दौड़ में हैं। वरिष्ठ नेता यादव और सोलंकी यूडीए के दावेदार इनके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि सोलंकी और मुकेश यादव यूडीए के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। सोलंकी अध्यक्ष व यादव उपाध्यक्ष की दौड़ में हैं। अजा वर्ग से उपाध्यक्ष के लिए विक्रमसिंह गोंदिया भी प्रयासरत हैं।



# निकिता पोरवाल ने महाकाल से लिया आशीर्वाद:भस्म आरती में हुईं शामिल



**उज्जैन • दैनिक इंदौर संकेत**
मिस इंडिया 2024 निकिता पोरवाल गुरुवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं और भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। निकिता अगले वर्ष होने वाली मिस वर्ल्ड 2026 प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उज्जैन की रहने वाली निकिता पेशे से मॉडल और कलाकार हैं। दिवाली पर्व मनाने के लिए वे परिवार सहित अपने गृह नगर पहुंची थीं। इस दौरान गुरुवार सुबह करीब चार बजे वे महाकाल मंदिर पहुंचीं और नंदी हॉल में बैठकर करीब दो घंटे तक भस्म आरती में शामिल रहीं।

### देहरी से महाकाल के किए दर्शन

आरती के बाद निकिता ने नंदीजी और भगवान महाकाल के देहरी से दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में देश के सम्मान और मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारत की जीत के लिए प्रार्थना की। निकिता ने कहा कि उन्हें बचपन से भगवान महाकाल में गहरी आस्था है और हर बड़ी उपलब्धि के बाद वे सबसे पहले महाकाल मंदिर आकर आशीर्वाद लेती हैं।

